भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
तारांकित प्रश्न सं. 328 का उत्तर

ओडिशा में नई रेल लाइन का निर्माण

***328. श्री रुद्र नारायण पाणी:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) **क्या सरकार ओडिशा के ढेंकानाल जिले के हिंडोल शहर को मौजूदा रेलवे नेटवर्क से जोड़ने वाली एक नई रेल लाइन के निर्माण के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है;**

(ख) **यदि हां, तो उक्त परियोजना के प्रारंभ होने की समय-सीमा सहित इसकी स्थिति क्या है;**

(ग) **यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;**

(घ) **क्या सरकार के पास परिवहन, बुनियादी ढांचे में सुधार, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को बढ़ाने के लिए वैकल्पिक योजना है; और**

(ङ) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

ओडिशा में नई रेल लाइन के निर्माण के संबंध में दिनांक 18.12.2024 को लोक सभा में श्री रुद्र नारायण पाणी के तारांकित प्रश्न सं. 328 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ङ): रेल परियोजनाओं के सर्वेक्षण/स्वीकृति/निष्पादन क्षेत्रीय रेल-वार किए जाते हैं न कि राज्य/जिला-वार क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्यों/जिलों की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं। रेल परियोजनाओं को स्वीकृति देना भारतीय रेल की एक सतत एवं गतिशील प्रक्रिया है। रेल परियोजनाओं को लाभप्रदता, यातायात अनुमानों, अंतिम छोर संपर्कता, मिसिंग लिंक और वैकल्पिक मार्गों, संकुलित/संतृप्त लाइनों के संवर्धन, राज्य सरकारों, केन्द्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगों, रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताओं, सामाजिक-आर्थिक महत्व जिसमें स्थानीय व्यापार तथा पर्यटन आदि शामिल हैं, के आधार पर स्वीकृत किया जाता है, जो चालू परियोजनाओं के थ्रोफॉरवर्ड और निधियों की समग्र उपलब्धता पर निर्भर करता है।

ओडिशा राज्य में पूर्णत:/अंशतः पड़ने वाली रेल अवसंरचना परियोजनाएं भारतीय रेल के पूर्व तट रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ज़ोनों के अंतर्गत आती हैं। लागत, व्यय और परिव्यय सहित रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेल-वार ब्यौरा भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है।

01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, ओडिशा राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली 54,434 करोड़ रुपये लागत की 4,017 कि.मी. कुल लंबाई की 40 परियोजनाएं (13 नई लाइनें, 1 आमान परिवर्तन और 26 दोहरीकरण) योजना/अनुमोदन/निर्माण चरण में हैं, जिसमें से 1,100 कि.मी. लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और इस पर मार्च, 2024 तक 22,833 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। इसका सार इस प्रकार है:-

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (कि.मी. में)	मार्च 2024 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में)	मार्च 2024 तक किया गया कुल व्यय (करोड़ रु. में)
नई लाइनें	13	1422	183	5090
आमान परिवर्तन	01	159	90	184
दोहरीकरण/ मल्टीट्रैकिंग	26	2436	827	17559
कुल	40	4,017	1,100	22,833

ओडिशा राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं के लिए परिव्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

अवधि	परिव्यय
2009-14	838 करोड़ रुपये/वर्ष
2024-25	10,586 करोड़ रुपये (12 गुना से अधिक)

वर्ष 2009-14 और 2023-2024 के दौरान ओडिशा राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाले नए रेलपथों की कमीशनिंग/बिछाने का ब्यौरा इस प्रकार है:

अवधि	कमीशन किए गए गए रेलपथ	नए रेलपथ की औसत कमीशनिंग
2009-14	267 कि.मी.	53.4 कि.मी.
2023-24	243 कि.मी.	243 कि.मी. (4 गुना से अधिक)

हिंडोल रोड और ढेंकानाल भारतीय रेल नेटवर्क पर अंगुल और भुवनेश्वर के बीच मौजूदा स्टेशन हैं। हिंडोल टाउन में संपर्क को और अधिक बेहतर बनाने के लिए हिंडोल टाउन से होकर गुजरने वाली अंगुल-नयागढ़ नई रेल लाइन के लिए एक सर्वेक्षण कार्य को मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा, ओडिशा में रेल संपर्क को बेहतर बनाने के लिए, चालू वित्त वर्ष अर्थात् 2024-25 में ओडिशा राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली निम्नलिखित परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है:-

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
1	गुणुपूर-थेरुबाली नई लाइन (73.62 कि.मी.)	1,166
2	भद्राचलम स्टेशन के रास्ते मलकानगिरी-पांडुरंगापुरम नई लाइन (173.61 कि.मी.)	3,592
3	बादामपहाड़-केन्दुसारगढ़ नई लाइन (82.06 कि.मी.)	1,876
4	जूनागढ़-नबरंगपुर नई लाइन (116.21 कि.मी.)	2,865
5	बुढ़ामरा-चाकुलिया नई लाइन (59.96 कि.मी.)	1,459
6	बांगरीपोसी-गोरुमहिसानी नई लाइन (85.60 कि.मी.)	2,269
7	बरगढ़ रोड - नुआपाड़ा रोड नई लाइन (138.32 कि.मी.)	2,622
8	सरडेगा - भालुमुंडा नई दोहरी लाइन (37.24 कि.मी.)	1,282

*****